Bareilly, Monday,
14 August 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

विभाजन के मंजर में इंसानियत की तलाश

कलाकारों ने किया मंचन.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 Aug): एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में संडे को कथाकार मंडली, नई दिल्ली की ओर से 'अगस्त के अवशेष' नाटक का मंचन हुआ. सआदत हसन मंटो के अफसानों के किरदारों से प्रेरित अगस्त के अवशेष' नाटक को राहुल शर्मा' ने लिखा और निर्देशित किया. 1940 के दशक में हिंदुस्तान की जर्जर स्थिति पर आधारित इस नाटक में हर आदमी, इंसानियत की दहलीज पर खड़ा है. जिसे कई लोग पार करने में असफल रहे. इसमें कॉलेज के दो छात्र सुगरा (रानी सोनकर) और धरम (शशांक त्रिपाठी) की एक सुखद यात्रा का दुखद अंत है. जो विभाजन और बाकी सभी बाधाओं के बावजूद एक-दूसरे के प्यार में पागल हैं.

व्यथा को चरितार्थ किया

साथ ही हम एक ऐसे आम आदमी बिशन सिंह (राहुल कुमार) की भी कहानी हैं, जिसकी सत्ता और राजनीति में कोई भूमिका नहीं थी. जो भारत-पाकिस्तान विभाजन की सभी तकलीफों और अराजकता के बीच बस अपने परिवार और अपनी जड़ों की ओर लौटने की तलाश में रह जाता है. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति व डॉ. प्रभाकर गुप्ता रहे.